# सरकारी अस्पताल में लापरवाही की इंतहा: पोते के लिए ड्रिप पकड़कर खड़ी रही बुजुर्ग दादी, एंबुलेंस भी धक्का स्टार्ट

**सतना।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही देखने को मिली,जहां एक घायल पोते के लिए ड्रिप लगाने का स्टैंड तक उपलब्ध नहीं था। मजबूरी में 72 साल की एक बुजुर्ग महिला को अपने हाथ में आधे घंटे तक ड्रिप की बोतल पकड़कर खड़ा रहना पड़ा। अस्पताल का स्टाफ इस दौरान मूकदर्शक बना रहा। मैहर में हुए एक सड़क हादसे में घायल अश्वनी मिश्रा को इलाज के लिए सतना जिला अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें ड्रिप लगाने की सलाह दी,लेकिन अस्पताल में एक भी ड्रिप स्टैंड मौजूद नहीं था।मरीज के साथ आई उनकी 72 वर्षीय दादी को अपने पोते की जान बचाने के लिए खुद ही ड्रिप की बोतल को हाथ में पकड़कर रखना पड़ा। यह घटना अस्पताल प्रबंधन की लचर व्यवस्था और असंवेदनशीलता का जीता-जागता प्रमाण है। यह पहला मौका नहीं है जब सतना के जिला अस्पताल से ऐसी लापरवाही की खबरें आई हैं।





इससे पहले भी मरीजों को स्ट्रेचर और बेड न मिलने की शिकायतें आम रही हैं। रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं,लेकिन स्टाफ की लापरवाही के चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं,सतना जिले की 108 एंबुलेंस सेवा का भी बुरा हाल है। इमरजेंसी के समय मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए एंबुलेंस चालू तक नहीं हो पाती। हाल ही में एक ऐसी ही घटना की तस्वीर सामने आई है,जिसमें कुछ लोग 108 एंबुलेंस को धक्का लगाकर स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीज को समय पर इलाज मिलना कितना मुश्किल है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए घायल की दादी ने बताया कि उन्हें आधे घंटे तक ड्रिप की बोतल पकड़कर खड़ा रहना पड़ा,क्योंकि वहां कोई स्टाफ मदद के लिए नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जिला मुख्यालय के सबसे बड़े अस्पताल का यह हाल है,तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह घटना सरकार और स्वास्थ्य विभाग दोनों के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करती है कि आखिर आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कब मिलेंगी।

## खबर संक्षेप

### मोटर लाइन परिसर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**सतना।** भुंजवा मोहल्ला खेरमाई रोड स्थित मोटर लाइन में स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री हाजी मोहम्मद जलील ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जलेबी भी बांटी गई। इस कार्यक्रम में मनीष, सुरेश, निहला, सल्लू, बलराज, अनुराग,और काशी प्रसाद सहित कई स्थानीय दुकानदार मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह

**सतना।** स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय नारायण कुटी में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विक्रम पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध पर्वतारोही रत्नेश पांडे ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में,रत्नेश पांडे ने युवाओं को स्वतंत्रता के महत्व और राष्ट्रहित में काम करने के लिए प्रेरित किया। केशव बलिराम हेडगेवार स्मृति सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस समारोह में प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी,नगर संघचालक कृष्णकुमार गुप्ता सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उत्तम बनर्जी ने सभी से राष्ट्र निर्माण के लिए समय देने का आग्रह किया,ताकि भारत पुनः विश्व गुरु बन सके। कार्यक्रम का समापन न्यास के सचिव ललित शर्मा के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### खाद न मिलने पर किसानों ने NH-30 पर लगाया जाम

**मैहर।** मैहर में खाद की कमी से परेशान किसानों ने सोमवार को नेशनल हाईवे 30 पर चक्का जाम कर दिया। सैकड़ों किसानों ने सुबह से ही प्रदर्शन शुरू कर दिया,जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया। किसानों का कहना है कि उन्हें कई दिनों से खाद नहीं मिल रही है। सूचना मिलने पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाया।उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन होने की तकनीकी समस्या के कारण खाद वितरण नहीं हो पा रहा है। प्रशासन के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोल दिया,लेकिन चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### मैहर में ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**मैहर।** थाना क्षेत्र के धतूरा पुलिया के पास एक 20 वर्षीय युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। लोको पायलट द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान पूजा रजक के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रामनगर में कुएं में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत



**मैहर।** रामनगर नगर परिषद के गांव गुरजनहा में एक 15 वर्षीय किशोर अर्जुन सिंह गोंड की कुएं में डूबने से मौत हो गई। अर्जुन सुबह घर के पास एक कुएं में नहाने गया था, लेकिन जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। स्थानीय गोताखोरों की मदद से कई घंटों की खोजबीन के बाद उसका शव कुएं से बाहर निकाला गया। रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### बिगौड़ी में हिंदू महापंचायत, आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर जलाने का प्रयास किया

मैहर के ग्राम बिगौड़ी में 11 जुलाई को शिवनारायण तिवारी की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर हिंदू महापंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने कथित तौर पर आरोपी साहिल खान के घर के पास बने एक अवैध ढांचे को तोड़ने और जलाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस और सामाजिक लोगों की समझाइश के बाद स्थिति शांत हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध गतिविधियों के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं,और प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## एमपी बिरला सीमेंट उद्योग से विस्थापित आदिवासी 4 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**मैहर।** जिले के भरौली स्थित आरसीसीपीएल एमपी बिरला सीमेंट उद्योग ने सढ़ेरा गांव में अपनी माइंस के संचालन के लिए आदिवासियों को विस्थापित कर दिया था।उद्योग ने उन्हें विस्थापन के दौरान पानी ,बिजली,सड़क,स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं का वादा किया था,लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी ये वादे पूरे नहीं हुए हैं। विस्थापित आदिवासियों का कहना है कि उन्हें जंगल की तलहटी में बसा दिया गया है,जहां वन विभाग के अधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं। वे आरोप लगाते हैं कि उद्योग ने उनके साथ मुआवजा और विस्थापन दोनों में धोखा किया है।विस्थापित महिला आशा देवी ने बताया कि वे खानाबदोशों की तरह जीवन जीने को मजबूर हैं और अपने बच्चों को पीने का साफ पानी तक नहीं दे पा रहे हैं। इसी तरह ललिता रावत ने सड़क की खराब हालत और बारिश के समय आवागमन की समस्या बताई। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे जल्द ही उद्योग के मुख्य गेट के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे।

## हनुमान नगर नई बस्ती में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**सतना।** हनुमान नगर नई बस्ती,में इस वर्ष जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर को 'गोकुलाष्टमी' के नाम से भी जाना जाता है,जो भगवान विष्णु के आठवें और बाईसवें अवतार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस साल का उत्सव विशेष रूप से बच्चों के लिए यादगार रहा। नन्ही अन्वी गुप्ता और संवि गुप्ता ने राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। उनके बाल-रूप को देखकर सभी ने उन्हें आशीर्वाद दिया और इस पर्व को और भी जीवंत बना दिया। इस आयोजन में,सभी भक्तों ने मिलकर भजन-कीर्तन किए और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई।

## मैहर में चोरी का आरोपी रंगे हाथ पकड़ा गया



**मैहर।** अंबेडकर वार्डनंबर 18 में एक चोरी की घटना में आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया। संजीत कुमार वर्मा नामक एक व्यक्ति,जो अपने घर का निर्माण करवा रहे थे,ने अपने घर के सामने से करीब 1 क्विंटल लोहे के सरिए और रिंग्स चोरी होने की सूचना पर कुछ लोगों की मदद से आरोपी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान दीवान बेलदार के रूप में हुई है,जिसके पास से चोरी का सामान और ई-रिक्शा (एमपी 19 जेडके 9305) बरामद किया गया। फरियादी की शिकायत पर मैहर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## सतना की अकादमी ने यूसीमास राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिखेरी चमक



**सतना।** यूसीमास की 24वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सतना की शांभवी अबाकस अकैडमी के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।यह प्रतियोगिता 16अगस्त को हैदराबाद में आयोजित हुई,जिसमें 30 राज्यों के 3,500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 8 मिनट में 200 प्रश्न हल करने की चुनौती में सतना के विश्रुत देव सिंह और विवान तारवानी ने चैंपियन का खिताब जीता। गौरांश बिरला ने द्वितीय रनर अप,जबकि स्वयं गर्ग ने तृतीय रनरअप का स्थान हासिल किया।अन्य छात्रों ने भी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।अकादमी के संचालक विक्रम सर ने इस सफलता को छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया।

## मैहर के प्राचीन शिव मंदिर में तोड़फोड़, हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन



मैहर। वार्ड नंबर 6 में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ का मामला सामने आया है।अज्ञात लोगों ने मंदिर में नंदी बैल की मूर्ति को तोड़ दिया और पास रखी एक कुर्सी भी क्षतिग्रस्त कर दी। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब स्थानीय लोग पूजा करने मंदिर पहुंचे। इस घटना से गुस्साए लोगों ने मैहर थाना पहुंचकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया और जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। हिंदू समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सतना के वनवासी छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस का उत्साह

**सतना।** वनवासी विकास परिषद,सतना द्वारा संचालित श्रीराम वनवासी छात्रावास में 15 अगस्त के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर संस्था के अध्यक्ष घनश्याम सोनी की उपस्थिति में वरिष्ठ सदस्य राजेश मेहता (भूतपूर्व खंजाची, इलाहाबाद बैंक) ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में श्री सोनी ने स्वतंत्रता के सही मायने समझाते हुए बच्चों को इसकी रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मुख्य अतिथि श्री मेहता ने स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के बीच के अंतर और उनके महत्व को स्पष्ट किया। इस कार्यक्रम में संस्था के मंत्री सचिन चौधरी, विनोद गुप्ता, अशोक वसानी, संतोष कोल, बिदेह सिंह और छात्रावास के सभी बच्चे मौजूद रहे।

## किराना दुकान में डीप फ्रीजर का कंप्रेशर फटा, भड़की आग

### 4 दमकल गाड़ियों ने 3 घंटे में पाया काबू, दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जला

**सतना।** लोहरौरा गांव में रविवार रात किराना दुकान में रखे डीप फ्रीजर का कंप्रेशर ब्लास्ट हो गया। इससे विनीत गुप्ता उर्फ रिंकू सेठ की दुकान में रात करीब डेढ़ बजे आग लग गई। दुकान के आगे सामान रखा था और पीछे घर था। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने सीढ़ी लगाकर आग बुझाने का प्रयास किया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया चार दमकल वाहनों की मदद से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। यदि आग पीछे बने घर तक पहुंच जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। शुरुआती अनुमान के अनुसार आगजनी से लगभग 10 लाख रुपए की क्षति होना बताया जा रहा है।कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है।



## नेटफ्लिक्स की द बाड्स ऑफ बॉलीवुड

### आर्यन खान के निर्देशन की पहली झलक!




**सतना।** "पिक्चर तो सालों से बाकी है, लेकिन शो तो अब शुरू होगा।"नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट प्रा. लि. ने बहुप्रतीक्षित सीरीज़ द बाड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक पेश की, जो आर्यन खान के निर्देशन की पहली शुरुआत को दर्शाती है। यह है मज़ेदार, फिल्मी और थोड़ा ज़्यादा! एक वॉइस ओवर की शुरुआत में मोहब्बतें जैसी रोमांटिक फील आती है, लेकिन आखिर में यह एक तीखे जवाब के साथ खत्म होता है, जो हमें हिंदी फिल्मों की याद दिलाता है। पहले यह एक बीते हुए समय की यादें जैसा लगता है, लेकिन जल्दी ही यह ज़्यादा तेज़ और अलग अंदाज़ में बदल जाता है। आवाज़ सुनकर शाहरुख़ खान का अहसास हो सकता है, लेकिन अंदाज़ पूरी तरह आर्यन का है।इस पहली झलक से ही डायरेक्टर के तौर पर आर्यन खान बता देते हैं कि वे नई सोच और अलग सिनेमाई अंदाज़ के साथ आए हैं।फिल्मी अंदाज़ की पृष्ठभूमि पर आधारित यह पहली झलक एक नई पीढ़ी के बदलाव का संकेत देती है, जहां पुराने दौर का रोमांस एक नए कहानीकार की नज़र से मिलता है। द बाड्स ऑफ बॉलीवुड (The Bads of Bollywood) एक ऐसी सीरीज़ है जो किसी एक शैली में बंधी नहीं है इसमें समझदारी और मज़ेदार हास्य का खास मिलाप है। पहली बार आर्यन खान पूरे आत्मविश्वास से सामने आते हैं और अपनी डेब्यू सीरीज़ का अंदाज़ दिखाते हुए कहते हैं: "बॉलीवुड – जिसे आपने सालों से प्यार भी किया और वार भी किया, मैं भी वही करूंगा, बहुत सारा प्यार... और थोड़ा सा वार।"

यह सीरीज़ एक स्टाइलिश लेकिन हलचलभरी दुनिया दिखाने का वादा करती है — जो चौंकाने वाली भी है और ज़मीन से जुड़ी हुई भी। तारीख़ याद रखिए नेटफ्लिक्स पर द बाड्स ऑफ बॉलीवुड जल्द आ रही है!

**निर्माता : गौरी खान**
**कार्यकारी निर्माता : बॉनी जैन, अक्षत वर्मा**
**निर्माता एवं निर्देशक : आर्यन खान, सह-निर्माता : बिलाल सिद्दीकी, मानव चौहान**
**लेखक : आर्यन खान, बिलाल सिद्दीकी, मानव चौहान**
**निर्मित : रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट्स प्रा. लि.**
**कलाकार : बॉबी देओल, लक्ष्य, साहेर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिंह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, अन्या सिंह, विजयंत कोहली और गौतमी कपूर।**

**नेटफ्लिक्स के बारे में:**
नेटफ्लिक्स दुनिया की अग्रणी मनोरंजन सेवाओं में से एक है, जिसके 190 से अधिक देशों में 30 करोड़ से ज़्यादा पेड मेंबरशिप हैं। यहाँ दर्शक विभिन्न भाषाओं और शैलियों की टीवी सीरीज़, फ़िल्में और गेम्स का आनंद लेते हैं। सदस्य कभी भी, कहीं भी अपनी पसंद का कंटेंट देख सकते हैं — उसे प्ले, पॉज़ या फिर से शुरू कर सकते हैं, और अपनी योजना (प्लान) को कभी भी बदल सकते हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर टाटा नमक की आयोडीन जागरूकता मुहिम

**टाटा नमक देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में आयोडीन की भूमिका के संबंध में ग्रामीण इलाकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।**



**सतना।** पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है और ऐसे में 'देश का नमक' के नाम से प्रसिद्ध टाटा नमक, देश के हर कोने से जुड़ने के लिए अपने ऑडियो अभियान – 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' का विस्तार कर रहा है। टाटा नमक विशेष रूप से मानसिक विकास में आयोडीन की भूमिका पर संवाद को गांव-गांव तक पहुंचा कर अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे बढ़ा रहा है। देश का नमक अभियान डिजिटल और टेलीविज़न प्लेटफॉर्म पर पेश होने के बाद, अब प्रमुख परिवहन केंद्रों में ऑडियो एक्टिवेशन के ज़रिये ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। इस अभियान में टाटा नमक का जाना-पहचाना जिंगल है, जिसे चार फिल्मों के ज़रिये नए सिरे से पेश किया गया है। यह अभियान सही मात्रा में आयोडीन सेवन के महत्व को उजागर करता है, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास और फिर, देश की दीर्घकालिक प्रगति प्रभावित हो सकती है। आज भी देश में छोटे गांव और शहरों के लोग के लिए रेलवे एवं बस अड्डों का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं। ऐसे में टाटा नमक का जिंगल आम लोगों तक पहुंचने के लिए मुज़फ्फरपुर, पटना जंक्शन, हाजीपुर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ चारबाग, इंदौर, भोपाल, इटारसी, कटनी, सतना, नासिक रोड, शोलापुर, खड़गपुर, संतरागाछी, मेचेदा सहित और भी प्रमुख स्टेशनों पर नियमित अंतराल में बजाया जा रहा है। इस तरह ब्रांड का संदेश रोज़ आने-जाने वाले उन यात्रियों तक पहुंचता है, जो पारंपरिक मीडिया से नहीं जुड़ पाते हैं।इसके अलावा टाटा नमक महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे राज्यों में बड़े शहरों की यात्रा करने वाले ग्रामीण लोगों तक आयोडीन जागरूकता पहुंचाने के लिए, बड़े बस अड्डों पर यही जिंगल बजा रहा है। ग्रामीण इलाकों से जुड़ने की रणनीति को और दृढ़ करते हुए, इस अभियान के तहत आयोडीन एक्सप्रेस नामक वैन एक्टिवेशन भी शुरू किया है, जो बिहार के 28 शहरों में फैला है। यह एक्टिवेशन स्कूली छात्रों के साथ-साथ बाजारों, मोहल्लों और हाट में व्यापक तौर पर लोगों से जुड़ता है। इस पहल का उद्देश्य है, आयोडीन के फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, और ज़मीनी स्तर पर ब्रांड के प्रति प्रेम बढ़ाना।'देश का नमक' अपने संदेश को बड़े-बड़े स्क्रीन के साथ, चहल-पहल भरे माहौल में लाकर, भारत के हर कोने से एक महत्वपूर्ण संदेश के ज़रिये स्थायी रूप से जुड़ता है। टाटा नमक विश्वसनीय साथी है जो विशेष रूप से ग्रामीण भारत तक पहुंच रहा है, जहां आयोडीन के महत्व के बारे में जागरूकता की ज़रूरत सबसे अधिक है।

### सात साल की मासूम की हत्या का सनसनीखेज खुलासा

**सतना।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेन्द्र सिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवाँ पुलिस ने सात साल की एक मासूम बच्ची की हत्या का सनसनीखेज खुलासा किया है। यह मामला 16 अगस्त,2025 को सामने आया था। पुलिस को सूचना मिली कि कृपालपुर पेट्रोल पंप के पास रीवा-सतना रोड से कुछ दूरी पर एक सात वर्षीय बच्ची बेहोशी की हालत में पड़ी है। बच्ची के परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के आधार पर,थाना कोलगवाँ में मर्ग कायम किया गया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जाँच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि बच्ची की हत्या उसकी ही 15 वर्षीय बड़ी बहन ने गला और मुँह दबाकर की थी। इस चौंकाने वाली जानकारी के बाद,थाना कोलगवाँ में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अंधेरे का फायदा उठाकर पत्नी हुई लापता

**अमान गज** रामनाथ आदिवासी पिता सियाराम आदिवासी उम्र 24 साल निवासी बांधीकला थाना अमानगंज जिला पन्ना का रहने वाला कल दिनांक 17.08.2025 के रात करीब 9.00 बजे मैं तथा मेरी पत्नि भारती आदिवासी उम्र 21 साल की दोनों लोग खाना पीना खाकर कमरे में सो गये थे जब रात करीब 1 बजे लाईट चली गई तो मेरी नींद खुली तो पत्नि भारती कमरे में नही थी तब मैंने अपनी पत्नि की तलास आस पास गांव में पता किया लेकिन पत्नि का कोई पता नही चला तब मैंने अपनी माँ राधा बाई को बताया कि भारती घर में नही है फिर मैं अपनी पत्नि का तलास पतारसी आस पास रिस्तेदारियों में फोन लगाकर पता किया लेकिन कोई पता नही चला मेरी पत्नि भारती का पता नहीं चला।

### युवक ने फांसी लगा कर की अपनी जीवन लीला समाप्त



मोहर जसवंतपुरा पंचायत क्षेत्र में सोमवार को हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 26 वर्षीय युवक मुकेश आदिवासी पिता श्रीकेश ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार युवक ने अपने घर पर ही फांसी लगाई। घटना की सूचना मिलते ही परिवारजनों सहित ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही करते हुए पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव के लोग भी इस दर्दनाक घटना से गमगीन नजर आए।

### रिटायर्ड प्रधानाध्यापक श्री रमेश राव तैलंग का निधन



**पन्ना**। पन्ना नगर के धाम मोहल्ला निवासी अमित तैलंग जी के पिताजी श्री रमेश राव तैलंग जी रिटायर्ड प्रधानाध्यापक शिक्षक का स्वर्गवास दिनांक 14 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे निज निवास पन्ना में हो गया है। इनके निधन पर पन्ना जिले के गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं, समाजसेवियों, राजनेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस वज्रपात दुख सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### एक बार फिर पवई विधायक प्रहलाद लोधी आये सुर्खियों में

# अनुशासन वाली पार्टी स्थानांतरण को लेकर चर्चा में

#### अपनी ही विधानसभा को लेकर विधायक की नहीं चली आखिर क्या है वजह

**स्थानांतरण के मामले में एक वनरक्षक को पवई विधायक अपनी विधानसभा में नहीं रखना चाहते। पर स्थानांतरण कराने के बाद स्थगित हो जाना अपनी ही सरकार ने विधायक को नांगवार गुजरा। प्रभारी मंत्री से सीधे विधायक ने दो-टूक की बात आखिर मेरी विधानसभा में किसी टुच्चे नेता की नहीं चली। सवाल यह बड़ा बन गया है कौन है वह जो विधायक की विधानसभा में भारी पड़ा भले ही विधायक टुच्चा नेता बता रहे है। पर मामला कहीं न कहीं सुर्खियों में आ ही गया। एक तरफ अनुषासन वाली पार्टी के हालात चर्चा में आखिर ये हालात जब विधायक की नाराजगी के कारण सामने आये हैं तो कहीं न कहीं अंदर के हालात क्या होगें चर्चा में अटकले तेज।**



**पन्ना**। पवई विधायक प्रहलाद लोधी अपने अंदाज को लेकर अलग ही जाने जाते है विगत दिवस जिला पंचायत में समीक्षा बैठक जो प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में होने जा रही थी। जिसमें विधायक प्रहलाद लोधी बैठक में शामिल होने पहुंच पर बैठक से बाहर निकलकर चले गये। मामला एक स्थानांतरण को लेकर चर्चा में आया है। जो मीडिया की सुर्खियों को लेकर बयां हो रहा है। विधायक प्रहलाद लोधी ने सीधे प्रभारी मंत्री से अपने अंदाज में बात की कहा कि मेरी विधानसभा में कैसे वन रक्षक का सानिांतरण निरस्त कर दिया गया। आखिर मेरी विधानसभा में किसी टुच्चे नेता के कहने पर यह सब कैसे हुआ। जब हमारी ही सरकार में नहीं सुनी जायेगी तो क्या मतलब। अब मामला कहीं न कहीं पवई विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी ने सीधे अपने अंदाज में जहां यह सवाल खड़े कर दिये वहीं बैठक से चला जाना अपनी नाराजगी जिस तरह से दर्ज कराई है उसी समय से विधायक सुर्खियों में है। विधायक के फोन पर जानने की कोषिष की गई जिनका मोबाईल स्विचऑफ वहीं उनके पीए से बात करने की कोषिष की गई जिस पर बाहर होना बताया गया। आखिर कहीं न कहीं अनुषासन वाली पार्टी के हालात चर्चा में है। आखिर विधायक की विधानसभा के अंदर कौन सा नेता भारी पड़ा जिसको भले ही विधायक टुच्चा नेता के शब्दों से प्रयोग करते हुए चर्चा में आये पर वह नेता तो कहीं न कहीं विधायक की ही विधानसभा में भारी पड़ा। तभी तो उसका नाम भी नहीं बताया गया। भले ही अंदाज व कयास तरह-तरह के लगाये जा रहे है आखिर वन रक्षक का स्थानांतरण कराना व स्थगित दोनों सरकार व विधायक की कार्यप्रणाली तथा राजनीति की वर्तमान हालात जिले में एक बार फिर सुर्खियां।

## पन्ना टाइगर रिजर्व, पन्ना अन्तर्गत हाथी रेजुवेनेशन कैम्प का शुभारंभ



**पन्ना**। पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र हिनौता अन्तर्गत हाथी रेजुवेनेशन कैम्प का शुभारंभ किया गया। रेजुवेनेशन कैम्प के दौरान पार्क के समस्त 19 हाथियों की श्री नरेश सिंह यादव क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, श्री मोहित सूद, उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, वॉ संजीव कुमार गुप्ता, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी सहायक संचालक महला, परिक्षेत्र अधिकारी हिनीता एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हाथियों को उनके पसंद के फल जैसे फैला सेव, तरबूजा, गन्ता एवं पोष्टिक आहार जैसे मेवे के लड्डू आदि आदि खिलाये गये। यह कार्यक्रम दिनाक 18.08.2025 को प्रारंभ होकर 23.08.2025 तक चलेगा। रैजुवेनेशन कैम्प के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम जिसमें हाथी महावत एवं चाराकटरी का स्वास्थ्य परीक्षण एवं खेल कूद हाथियो का स्वास्थ्य परीक्षण आदि आयोजित किये जावेगें। दिनाक 23रू08 2025 को उक्त कार्यक्रम का समापन किया जावेगा।

## कल्दा में 23 अगस्त को लगेगा जन समस्या निवारण शिविर

**पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर आगामी 23 अगस्त को कल्दा के वन परिक्षेत्र कार्यालय के निकट सुबह 11 बजे से जन समस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय आम जनता की समस्याओं के निराकरण सहित पात्र लोगों को योजनाओं का तत्काल लाभ प्रदान करना भी सुनिश्चित किया जाएगा।**

साथ ही ग्रामीणजनों को सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। शिविर आयोजन के दो दिवस पूर्व से कल्दा में आधार केन्द्र भी संचालित किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जन समस्या निवारण शिविर में उत्तर वनमंडल सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ पवई, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, श्रम पदाधिकारी, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला समन्वयक जनअभियान परिषद, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री, महाप्रबंधक जल निगम, जिला संयोजक सहित उप संचालक कृषि, उद्यानिकी और पशु चिकित्सा सेवायें को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई को भी आवश्यक कार्यवाही व व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर दक्षिण वन मण्डल पन्ना के हरित योद्धा सम्मानित

**सलेहा**। वन और पर्यावरण की रक्षा में जुटे हरित योद्धा जब पहचान पाते हैं, तो वे समाज के लिए प्रेरणा का दीप बन जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल के कई हरित योद्धाओं को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले मथुरा प्रसाद रैकवार,सूर्य प्रताप सिंह पटेल,महेन्द्र अग्रहरि,रजनीश चौरसिया,रामजी गर्ग, कुलदीप साहू एवं मनीष रैकवार को शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला स्तरीय भव्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ, जहाँ जिला कलेक्टर सुरेश कुमार एवं डीएफओ अनुपम शर्मा ने प्रेमशंकर सिंह ठाकुर, सत्यप्रभा सिंह, कु.सरोज सिंह, मनोज चौरसिया, सतीश त्रिवेदी, जगदीश अहिरवार, वीरेन्द्र पटेल,नीरज पाण्डेय, जयप्रकाश नारायण दुबे,ओमप्रकाश त्रिवेदी,उमाशंकर पाल, श्रीनिवास पाण्डेय (कार्यवाहक उ.व.क्षे.) एवं अरविन्द विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर गौरवान्वित किया। इसी क्रम में वृत्त स्तरीय कार्यक्रम में छतरपुर वन संरक्षक नरेश सिंह यादव ने पुष्पेन्द्र सिंह (कार्यवाहक वनपाल), चंद्रप्रकाश शर्मा,आशीष पाण्डेय एवं राहुल पटेल को सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस पर हरित







योद्धाओं का यह सम्मान न केवल उनके उत्साह को नई ऊर्जा देगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रकृति संरक्षण की राह में कदम बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करेगा।

## पवई के किसानों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की रखी मांग



**पन्ना**। पवई क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को अपनी समस्याओं को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की। नगर एवं ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में किसान नगर स्थित महाराजा छत्रसाल स्टेडियम में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी किसान रैली के रूप में स्टेडियम से अनुविभागीय कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल के नाम एसडीएम समीक्षा जैन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने ज्ञापन में लिखा कि यूरिया खाद की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे खरीफ की फसल प्रभावित हो रही है। लगातार किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। धान खरीदी को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जताई। किसानों ने कहा कि पवई क्षेत्र में किसानो का पंजीयन प्रति हेक्टेयर औसतन 22.23 क्विंटल है जो उपज अनुसार काफ़ी कम है, उसे बढ़ा कर समर्थन मूल्य पर मात्र 32 से 35 क्विंटल किया जाए। वहीं चुनावी घोषणा के दौरान किसानों से धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया गया था, जबकि वर्तमान में उन्हें केवल 2183 से बढ़ा कर 2369 रुपये प्रति क्विंटल ही मिल रहा है। इसके अलावा किसानों ने पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि बीते दिनों क्षेत्र से 50 से 100 नग मवेशियों की चोरी हुई, जिनकी रिपोर्ट तो दर्ज की गई परंतु कार्रवाई नहीं हुई। बिजली की अघोषित कटौती, जर्जर तार और खराब ट्रांसफार्मर को भी किसानों ने अपनी सबसे बड़ी समस्या बताया।किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का निराकरण अगले 10 दिनों में नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और सड़क पर उतरकर चक्का जाम करेंगे।

## कलेक्टर ने दो दिवस में लंबित प्रकरणों के अनिवार्यतः निराकरण के दिए निर्देश



**पन्ना**। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संक्षिप्त टीएल बैठक के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आगामी 25 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागवार चयनित विषयों के लंबित प्रकरणों सहित 100 दिवस से अधिक समयावधि की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के दो दिवस में अनिवार्यतः शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। साथ ही 6 अगस्त के पूर्व तक राजस्व अधिकारियों के स्तर पर लंबित फौती नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के प्रभावी निराकरण के लिए भी निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि 20 अगस्त को जारी होने वाली जिला एवं विभागवार सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग रिपार्ट के मद्देनजर उत्कृष्ट श्रेणी के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास किया जाए। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी पाबंद करें। टीएल बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन के निर्देशों के अनुक्रम में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर टेनर्स के विभागवार चयन तथा शिक्षा एवं सामाजिक कार्य क्षेत्र के वालेंटियर्स तैयार करने के उद्देश्य से अविलंब जिला पंचायत सीईओ से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। बताया गया कि आदि कर्मयोगी अभियान सम्पूर्ण जिले सहित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हांकित जिले के 108 ग्रामों में भी विशेष तौर पर क्रियान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने पन्ना, अजयगढ़, पवई एवं शाहनगर के नवीन जनपद पंचायत भवन के निर्माण के संबंध में भूमि चिन्हांकन सहित अन्य वांछित कार्रवाई समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा आगामी 26 अगस्त को प्रस्तावित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल की बैठक के दो दिवस पूर्व तक अनिवार्य रूप से स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। अन्य अंर्तविभागीय समन्वय वाले विषयों पर भी बैठक में चर्चा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा साप्ताहिक समयावधि एवं जनसुनवाई पत्रों का निराकरण भी समयावधि में करने के निर्देश दिए गए।

### पन्ना पुलिस द्वारा रैपुरा थाना क्षेत्र से अपहृत बालिकाओं को किया गया सकुशल दस्तयाब

**पन्ना**। पुलिस मख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अभियान ष्ऑपरेशन मुस्कानष के तहत पन्ना जिले में नाबालिक बालक/बालिकाओं की गुमशुदगी/अपहरण की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को शीघ्र दस्तयाबी हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना रैपुरा पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में अपहरण के मामलो मे त्वरित पड़ताल करते हुए हाल ही में दो अलग-अलग प्रकरणों की अपहृत नाबालिक बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को शुपुर्द किया है। दिनांक 12/08/2025 को फरियादी निवासी पटना (थाना रैपुरा) ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिक नातिन को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस पर थाना रैपुरा मे अपराध क्रमांक 195/25 धारा 137(2) ठछै पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। उक्त प्रकरण मे पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर से प्राप्त सूचना, संभावित रूट पर की गई निगरानी, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर सूचना प्राप्ति के मात्र 24 घंटे के भीतर बालिका को रैपुरा थाना क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के शुपुर्द किया।

## मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन सम्मानित

**पन्ना**। डॉ. अभिषेक जैन जिले में स्वास्थ्य विभाग में अलग ही जाने जाते हैं जो संवेदनषीलता के साथ सदैव अपने कर्तव्य के निर्वाहन को लेकर माने जाते है। डॉ. अभिषेक जैन को राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त में मुख्य अतिथि कलेक्टर सुरेष कुमार ने जहां उनकी सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाईन के अंतर्गत उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मान से नवाजा। आपके द्वारा नागरिकों की समस्याओं की त्वरित समाधान संवेदनषीलता और प्रषासनिक दक्षता के लिए यह पुरूस्कार प्रदान किया गया है। गौरतलब बात यह है कि समूचे जिले में स्वास्थ्य विभाग में डॉ0 अभिषेक की कार्यप्रणाली जहां आमजनता में विष्वास के रूप में कायम हो चुकी है। विष्वास ही सबसे बड़ा आमजनता का भरोसा है निष्चित ही यह तभी कायम होता है जब लोग जनता के प्रति



सच्चे हृदय से कार्य करने को लेकर परिणाम के रूप में परिणित करते है। ऐसे ही डॉ. अभिषेक जो अपने कर्तव्य से आमजतना का भरोसा को बढ़ाने में सदैव अपनी भूमिका को लेकर माने जाते है। देवेन्द्रनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सेवायें देने को लेकर जहां अलग ही पहचान बन चुकी है यह अस्पताल भले ही शासकीय है पर निजी अस्पताल जैसी सेवायें त्वरित मरीजों को मिलने से ऐसा भरोसा कायम हुआ है। आम जनता के बीच में आपकी पहचान एक अच्छे चिकित्सक के रूप में मानी जाती है जो सदैव सेवायें देने के लिए तत्पर रहते है तभी तो आज मुख्य अतिथि कलेक्टर सुरेष कुमार ने डॉ. जैन को इस सम्मान से नवाजा सम्मान उन्हीं को मिलता है जिनके कर्तव्यों का मूल्यांकन सम्मान के लायक माना जाता है। आखिर अन्य लोगों को भी विभागीय सेवायें में इसी तरह की भूमिका निर्वाहन की दिषा तय करना चाहिए जो आम जनता का भरोसा कायम कर सके।

### शिवांश लोधी का महावीर इंस्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च कॉलेज भोपाल एमबीबीएस में प्रवेश



**पन्ना**। शिवांश लोधी को एमबीबीएस के लिए मिला महावीर इंस्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च कॉलेज भोपाल मध्यप्रदेश नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद पन्ना जिले के अजयगढ क्षेत्र के मझगंवा निवासी उत्कष्ट विद्यालय पन्ना में पदस्थ षिक्षक श्री शिवमोहन सिंह लोधी जी के पुत्र शिवांश लोधी को अनारक्षित श्रेणी में प्रथम राउंड में ही महावीर इंस्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च कॉलेज मिल गया है। बताते चलें कि इसके पहले भी श्री शिवमोहन सिंह लोधी जी की पुत्री डॉ प्रियंका लोधी का भी कम्पलीट हो गया है। शिवांश लोधी अनारक्षित श्रेणी में चयन हुआ है एमबीबीएस के लिए महावीर इंस्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च कॉलेज भोपाल कॉलेज मिलने से परिजनों एवं लक्ष्य टीम, राष्टीय लोधी युवा महासभा, समाजसेवी, पत्रकार बंधुओं में खुशी की लहर व्याप्त है।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**पन्ना**। गत 15 अगस्त को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय प्राचार्य और शिक्षकगण के स्वागत से हुई। इसके बाद प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक एवं रंगारंग प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की साक्षी सिंह, आस्था सिंह, अनुष्का मिश्रा तथा कक्षा 11वीं की पावनी रावत ने किया। शिक्षिका शैफाली गुप्ता ने प्रेरणादायी भाषण दिया, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों, स्वतंत्रता के महत्व और एक जिम्मेदार नागरिक के



कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद कक्षा 8 की छात्रा आस्था ने देशभक्तिपूर्ण कविता प्रस्तुत की। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में नागालैंड का पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत किया गया, जिसने भारत की सांस्कृतिक विविधता की सुंदर झलक पेश की। लोकगीत के बाद कक्षा 5 की छात्रा दिव्यांशी ने अपने भाषण से सभी को मंत्रमुग्ध किया। नागालैंड का लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसकी ताल, रंग-बिरंगे परिधान और ऊर्जावान मुद्राओं ने उपस्थितजनों को प्रभावित किया। कक्षा 7 की कात्यायनी सोनी ने अपने भाषण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। इसके बाद प्राथमिक वर्ग की शिक्षिका रचना ने अपने विचार साझा किए, जिसमें मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। असमिया गीत की मधुर प्रस्तुति ने माहौल में सुर और भावनाओं का सुंदर मेल घोल दिया। गीत के बाद छोटे-छोटे प्राथमिक विद्यार्थियों ने उड़ान नृत्य प्रस्तुत किया। उनके जोश, मासूमियत और मेहनत ने सभी का दिल जीता। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा स्वतंत्रता के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा सभी को अपने अधिकारों के अतिरिक्त कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का संदेश दिया। शिक्षक विद्याचरण चौरसिया ने आभार व्यक्त किया।

## अवैध शस्त्र देसी कट्टा कारतूस रखने पर युवक गिरफ्तार

**पन्ना**। पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण एस थोटा के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध शस्त्र रखने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश प्रदाय किए गए थे जिसके तारतम्य में दिनांक 16/08/ 25 को थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम सिली गुनौर में एक व्यक्ति अवैध रूप से देसी कट्टा लेकर घूम रहा है जो किसी घटना को अंजाम भी दे सकता है।

घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदाय की गई थाना गुनौर से तत्काल एक टीम मौके पर पहुंची जिनके द्वारा घेराबंदी कर संदेही व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई जिसके पास से एक नग 315 बोर का



देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिसके संबंध में कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज नहीं पाए गए आरोपी का कृत्य धारा 25 , 27 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय के आदेश से जिला जेल पन्ना में दाखिल कर दिया गया है। पन्ना पुलिस अधीक्षक के द्वारा उक्त कार्यवाही करने पर पुलिस कर्मियों को उचित इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

### उल्लेखनीय भूमिका

उक्त संपूर्ण कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों की मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में सउनि नाथूराम, आरक्षक शिवेंद्र , अमन कुशवाहा, पुरुषोत्तम लखेरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में सी.एल.सी. अतंर्गत प्रवेश के लिए च्वाइस फिलिंग कराएं

**छतरपुर।** संचालनालय कौशल विकास मध्यप्रदेश से प्राप्त निर्देश के अनुसार इस संस्था में 22 अगस्त 2025 तक नवीन रजिस्ट्रेशन च्वाइस फिलिंग करा सकते हैं। साथ ही 18 अगस्त से पूर्व रजिस्ट्रेशन में सुधार का कार्य 22 अगस्त तक करा सकते हैं। इसके बाद आवेदक केवल 05 च्वाइस फिलिंग ही करा सकता है। इसके बाद दिनांक 25 अगस्त को संस्थान में स्वयं उपस्थित होकर एक व्यवसाय में अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएगा। इसके उपरांत दिनांक 26 अगस्त को प्रवेश के लिए सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके आधार पर प्रवेश किए जायेंगे। यदि स्थान रिक्त रहते हैं और आवेदक हैं तो उनके लिए पुनः 28 अगस्त को सूची जारी की जाएगी। जिसके आधार पर उनको प्रवेश दिया जाएगा।

### बरसात में बढ़ा मौसमी बीमारियों का प्रकोप, जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़



**छतरपुर।** बरसात का मौसम लोगों के लिए परेशानी लेकर आ रहा है। इन दिनों जिलेभर में उल्टी-दस्त, इंफेक्शन और वायरल फीवर जैसी मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। हालात यह हैं कि जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. शरद मिश्रा ने बताया कि बरसात के मौसम में आमतौर पर पानी जनित रोग और वायरल बीमारियां तेजी से फैलती हैं। इनमें उल्टी-दस्त, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, सर्दी-खांसी और वायरल बुखार प्रमुख हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बरसाती बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। साफ और उबला हुआ पानी पीएं। गंदे और खुले में रखे भोजन से परहेज करें। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी और रिपेलेंट का उपयोग करें। यदि किसी को लगातार बुखार, उल्टी-दस्त या कमजोरी महसूस हो रही है तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में संपर्क करें। अस्पताल प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि स्वच्छता का ध्यान रखें और किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें, ताकि बीमारी गंभीर रूप न ले।

### जिला प्रशासन के निर्देशन में लापरवाह 2 लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

*गायों को रोड पर खुला छोड़ने पर हुई कार्यवाही*

**छतरपुर।** छतरपुर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल ने पशुओं को सड़को पर आवारा छोड़ने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया था। इससे पूर्व पशुपालकों को कई बार समझाइश भी दी गई। इसके पश्चात भी पशुपालकों द्वारा पशुओं को सड़को पर आवारा छोड़ने पर उनके सड़को पर आने से आए दिन दुर्घटनाए होना संभावित होता है। बिजावर अंतर्गत ग्राम पंचायत गुलगंज पशु पालक दयाराम चौरसिया निवासी सिद्दन मोहल्ला गुलगंज के द्वारा अपने पालतू पशु तीन नग गायों को राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 34, स्टेडियम के पास गुलगंज में खुला छोड़ा गया जिससे आमजन को आवागमन में अवरुद्ध उत्पन्न हुआ है। जो आदेश का उल्लंघन है। अपराध धारा 223 बी. एन. एस. का घटित करना पाये जाने से थाना गुलगंज में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। राजनगर अंतर्गत ग्राम खैरी निवासी पशुपालक अंकित अवस्थी पिता अनिल अवस्थी द्वारा अपने पालतू पशु गाय को राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम बैरी पर खुला छोड़ा गया। जिससे आमजन को आवागमन में अवरुद्ध हुआ है। साथ ही जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का उल्लंघन होने से थाना बमीठा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसके पूर्व जिले में 5 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा पशु पालकों से अपने खुले में पशु नहीं छोड़ने की अपील की गई है।

## नीला पड़ा शरीर, पुलिस को पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का इंतजार

# हॉस्टल में 7 वर्षीय बच्चे की हुई मौत, मामला संदिग्ध

छतरपुर

**जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में ग्राम गंज के ज्ञान गंगा हॉस्टल में सोमवार को एक 7 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला संदिग्ध इसलिए है, क्योंकि मौत के बाद बच्चे का शव नीला पड़ गया था। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।**



प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम घूरा निवासी बबलू पटेल का 7 वर्षीय पुत्र अनुराग पटेल गंज के ज्ञान गंगा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार की सुबह जब अनुराग को जगाने की कोशिश की गई, तो वह मृत पाया गया, साथ ही उसका शरीर भी नीला पड़ चुका था। सूचना मिलने के बाद बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चे का शरीर का नीला पडऩा जहर या दम घुटने का संकेत हो सकता है, लेकिन सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेंगे। पुलिस ने हॉस्टल प्रबंधन से भी पूछताछ की है।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर में एक युवा किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि खेत में मोटर पंप चलाने के दौरान यह हादसा हुआ, जिसने पूरे परिवार और में शोक की लहर दौड़ा दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम करीब 6 बजे रामनगर निवासी राम सिंह पटेल उम्र 26 वर्ष अपने खेत पर मोटर पंप चलाने के लिए लाइट के तार लगा रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गया। राम सिंह के परिजन मोहन पटेल ने बताया कि जब राम सिंह ने उनकी कॉल का जवाब नहीं दिया, तब वह अन्य लोगों के साथ खेत पर पहुंचा, जहां राम सिंह का शव पड़ा मिला। शव को आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टी की। सोमवार को पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# कृष्ण जन्माष्मी पर हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता कुशवाहा समाज के लोगों ने की व्यवस्थाएं



**छतरपुर।** ईशानगर के कुशवाहा समाज के लोगों ने कृष्ण जन्माष्मी के मौके पर भेलसी रोड रेल्वे व्रज के पास मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंचू कुशवाहा ने बताया कि मटकी फोड़ प्रतियोगिता में इस बार 2300 रूपये व उप विजेता टीम को 1000 रुपए पुरस्कार के रूप में दिए गए। प्रतियोगिता का आयोजन ईशानगर कुशवाहा समाज की देखरेख मे किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पठादा के आदिवासी पुष्पेंद्र सिंह,मैना सिंह,भारत सिंह, सोहिल सिंह, जैहेंद्र सिंह, रोहणी सिंह, रूकमणि सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 2300 रुपए का नगद पुरस्कार जीता तो वहीं कुशवाहा समाज के लोगों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति पंचू कुशवाहा, धूराम कुशवाहा,चेतराम कुशवाहा, पूरन कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, रानू कुशवाहा, भज्जू कुशवाहा, गोविंददास कुशवाहा, चंद्रभान कुशवाहा, संतोष कुशवाहा सहित कुशवाहा समाज के लोग शामिल रहे।

## अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया गया है कि सोमवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे शहर की डिपो कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय प्रसन्नजीत पुत्र स्वर्गीय पूर्णिमा शर्मा ने अपने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मोहल्ले के लोग, रिश्तेदारों और सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, साथ ही मामले की विवेचना भी शुरु की गई है।

### सितंबर माह में गेहूं और चावल के अनुपात में परिवर्तन

**छतरपुर।** जिले के समस्त पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत माह सितम्बर 2025 में गेंहू एवं चावल के अनुपात में परिवर्तन किया गया है। जिसके अनुसार माह सितम्बर 2025 से जिले में अंत्योदय परिवार को 30 कि.ग्रा. गेंहू एवं 05 कि.ग्रा. चावल कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति अंत्योदय परिवार तथा प्राथमिकता परिवार को प्रति सदस्य 04 कि.ग्रा. गेंहू एवं 01 कि.ग्रा. चावल कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जाएगा। नमक का वितरण 01 कि.ग्रा. प्रति पात्र परिवार को पूर्वानुसार 01 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से तथा अंत्योदय परिवार को प्रति परिवार 01 कि.ग्रा. शक्कर का पूर्वानुसार 20 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से वितरण किया जाएगा।

# टीटी और पुलिस कर्मी के विवाद में अधिवक्ता संघ की एंट्री

## छतरपुर पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर।** पिछले दिनों शहर के महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन पर हुए पुलिसकर्मी और टीटी के विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। दरअसल इस मामले में अब टीकमगढ़ अधिवक्ता संघ की एंट्री हुई है, जिसने सोमवार को टीटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे टीकमगढ़ अधिवक्ता संघ ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। पीड़ित पुलिसकर्मी की अधिवक्ता पत्नी ने बताया कि टिकट चेकिंग के दौरान टीटी संदीप तिवारी के द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई, उनका हाथ पकड़ा गया और धक्का दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि टीटी ने उनके बच्चे को भी पकडऩे की कोशिश की थी। घटना दिनांक को उन्होंने तुरंत रेलवे हेल्पलाइन 139 सहित छतरपुर, खजुराहो तथा झांसी रेलवे मंडल में शिकायत की थी, साथ ही संदीप तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि टीटी संदीप तिवारी ने अपने बचाव में एक छोटे से वीडियो क्लिप का इस्तेमाल कर उनके और उनके पति के खिलाफ गलत एफआईआर दर्ज करा दी है। महिला ने स्पष्ट किया है कि उक्त वीडियो में वह केवल अपना बचाव कर रही थी। अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि संदीप तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और घटना की निष्पक्ष जांच की जाए।



# देरी तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ



**छतरपुर।** वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद आखिरकार देरी तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र शुरू हो गया। सोमवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ डीआईजी ललित शाक्यवार ने किया। इस अवसर पर एसपी अगम जैन, एएसपी विदिता डागर, सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे, पुलिस बल, वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने डीआईजी, एसपी एवं एडिशनल एसपी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। डीआईजी शाक्यवार ने कहा कि देरी रोड तिराहा संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यहां से आपराधिक गतिविधियों की सूचनाएं मिलती रहती हैं और यह चौराहा भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है। ऐसे में इस पुलिस सहायता केंद्र से वार्डवासियों की शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों व संदिग्ध व्यक्तियों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही आगे भी इसी तरह की मोबाइल चौकियों को खोले जाने की योजना है, जिससे आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

### युगांडा की धरती में भी बही सनातन की बयार

# बागेश्वर महाराज ने तीन दिनों तक सुनाई श्री हनुमंत कथा, अभीभूत हुए भक्तगण

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी विदेश यात्रा के तहत इन दिनों पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में है। महाराज श्री कहीं भी रहे लेकिन वह अपने देश की खुशबू जरूर बिखेरते हैं। पूर्वी अफ्रीकी देश पहुंचे युगांडा में उन्होंने पहले दिन राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडिया हाउस में ध्वजारोहण के दौरान मुख्य अतिथि बनकर भारत माता का जय घोष किया। महाराज श्री ने कहा कि हमारा भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखता है। यह शास्त्र संपन्न के साथ ही शस्त्र संपन्न है। जरूरत पडऩे पर किसी के लिए जान देता है तो किसी को सुधारने के लिए घर में घुसकर जवाब देना जानता है। युगांडा में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों के साथ-साथ युगांडा के मूल निवासियों को भी महाराज श्री ने श्री हनुमंत कथा सुनाई। भारत से युगांडा पहुंचे महाराज श्री युगांडा स्थित इंडिया हाउस में राष्ट्रगान के साथ पर्व का शुभारंभ किया। इसके बाद महाराज श्री का उद्बोधन हुआ। महाराज श्री ने कहा कि भारत से भले ही युगांडा काफी दूर हो लेकिन दिल के नजदीक है। उन्होंने कहा मुस्कुराते रहिए और तिरंगा लहराते रहिए। महाराज श्री ने कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि युगांडा संपन्न बने। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीयों की पहचान है मुस्कुराहट। जब हम फोटो खिंचवाने के लिए मुस्कुराते हैं तो जीवन खुशहाल बनाने के लिए जरूर मुस्कुराए। संस्कृति से जुड़े रहने की बात भी उन्होंने कही। महाराज श्री ने इंडिया हाउस में मौजूद सभी वायु सेना तथा नौसेना के अलावा अन्य भारतीयों को आशीर्वाद दिया। युगांडा में सनातन की बयान बहती दिखाई दी। यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोग सनातन मय हो गए।



### अटल सभागार में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, हजारों ने लिया हिस्सा

# रैली, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा शहर, नशा मुक्ति और शिक्षा पर जोर

**छतरपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अटल सभागार में भव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों आदिवासी महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। रैली, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने शहर को आदिवासी संस्कृति के रंग में रंग दिया, साथ ही नशा मुक्ति और शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। रविवार, 10 अगस्त 2025 को अटल सभागार में विश्व आदिवासी दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में उत्साह के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा, डॉ. भीमराव अंबेडकर, रानी दुर्गावती, ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद डाकखाना चौक, बस स्टैंड और मुख्य बाजार से विशाल रैली निकाली गई, जिसमें एक तीर एक कमान, सभी आदिवासी एक समान के नारे और आदिवासी गीत-संगीत गूंजे। माताएं, बहनें और युवा डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए आगे बढ़े। रैली के बाद अटल सभागार में मंचीय कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि संम्मल सिंह मरकाम (सहायक संचालक, सागर), विशिष्ट अतिथि सोनू रावत (जयस नारी शक्ति प्रदेश अध्यक्ष, सागर), अनारी लाल आदिवासी, फूलचंद कोदर, मुन्ना सिंह मरकाम, लाल बहादुर अहिरवार, वेंकट राम गोंड, हजारी लाल, सुरेंद्र सिंह, रघवीर सिंह पटवारी, दीनदयाल, राजेश आदिवासी, कैलाश आदिवासी, मालती गोड़, मंटू सरपंच, डॉ. अरुण यादव, रामबाबू, विक्रम सिंह, रमेश, नंदराम, छोटू बारेला, पप्पू कनेश, अंकुर, रानी रैकवार, आर.डी. प्रजापति, विनोद पटेल, तीर्थ कुशवाहा और पत्रकार मोहम्मद इमरान सहित अन्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने समाज को नशा, अंधविश्वास और कुरीतियों से दूर रहने, शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देने का आह्वान किया। कुछ ने आदिवासी समाज पर हो रहे अन्याय की बात उठाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने पर जोर दिया गया। गोंडवाना अधिकारी कर्मचारी संघ, जय गोंडवाना संगठन और जयस जैसे संगठनों ने एकजुटता दिखाई। अंत में पहलवान सिंह, नंदकिशोर, सुरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह मरकाम और राजेश कुमार ने सभी का आभार जताया। यह आयोजन आदिवासी समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक बना, साथ ही नशा मुक्ति और शिक्षा के लिए प्रेरणा दी।



## पीएम आवास योजना 2.0 के कार्य में प्रगति बढ़ाएं: कलेक्टर

# कलेक्टर ने अटल पेंशन, जीवन ज्योति एवं सुकन्या योजना के आवेदन संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम, सीएमओ नगरीय निकाय, जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री जैसवाल ने जुलाई माह की ग्रेडिंग के अनुसार सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन वाले विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही जनजातीय कार्य विभाग, पिछड़ा वर्ग को विशेष रूप से शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अगले माह से ए ग्रेड में नही आने पर संबंधित तहसीलदारों की वेतन रोकें। कलेक्टर ने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) छतरपुर, राजनगर एवं नौगांव का सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही 500 एवं 1000 दिवस की लंबित शिकायतों पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं सीएमएचओ को 2 दिन में निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों एवं मिठाईयों के नमूने लेने के निर्देश दिए।

### आवास के पात्र भूमिहीन हितग्राहियों को पट्टे वितरित करें -

कलेक्टर ने पीएम आवास योजना 2.0 अंतर्गत प्राप्त आवेदन, सत्यापन एवं जियो टेगिंग की समीक्षा करते हुए खराब प्रगति एवं कार्य में रुचि नहीं लेने पर नाराजगी व्यक्त की और पीओडूडा को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में रुचि दिखाएं और सीएमओ के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही पीएम आवास 1.0 की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा जो हितग्राही आवास के लिए पात्र है और भूमिहीन है तो उनका ही सर्वे कर पट्टे वितरित करें। साथ ही निकायों को वसूली प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सागर कबरई प्रोजेक्ट अंतर्गत मुआवजा राशि भुगतान की समीक्षा करते हुए शेष भुगतान जल्द करने के निर्देश दिए।



### गौशालाओं में प्रभावी ढंग से आवारा पशुओं को शिफ्ट करने के निर्देश

कलेक्टर ने आवारा गौवंशों एवं गौशालाओं के संबंध में समीक्षा करते हुए गौशालाओं के पंजीयन के लिए प्राप्त आवेदनों में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट करने की प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ छतरपुर को निर्देश दिए कि शहर की सड़कों से गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट कराएं। साथ ही पालकों द्वारा खुले में गौवंश छोडने पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र में हांका दल एक्टिव करें और आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट कराएं। कलेक्टर ने पौधरोपण कार्य की जनपद एवं निकायवार समीक्षा करते हुए लक्ष्यानुसार पौधरोपण कर वायुदूत ऐप में प्रमुखता से सेल्फी फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए।

### रबी सीजन अंतर्गत खाद वितरण प्लान तैयार करने के निर्देश -

कलेक्टर ने कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि रबी सीजन के अनुसार खाद वितरण का प्लान तैयार करें। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रीपर कम बाइंडर आदि योजनाओं का किसानों को लाभ दिलाने के लिए आवेदनों की संख्या बढ़ाने एवं प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करते हुए स्वीकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकि अधिकारी को क्लस्टर डेबलपमेंट प्रोजेक्टर के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही मत्स्य विभाग को मछली पालन को बढ़ाने के निर्देश दिए।

### अस्पताल में एमएलसी एवं पीएम की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने जिला अस्पताल में एमएलसी, पीएम की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही ब्लॉकवार जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। इस दौरान हिट एण्ड रन केसों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अंतर्गत एसडीएम छतरपुर को जाति प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### एलडीएम को बैंकों में लंबित योजनामूलक प्रकरण स्वीकृत कराने के निर्देश

कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देश दिए कि बैंकों में योजना मूलक लंबित आवेदनों को स्वीकृत कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना सहित सुकन्या समृद्धि योजनाओं में आवेदनों की संख्या बढ़ाएं। साथ ही इन तीनों योजनाओं पर फोकस कर हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए।

# तालाब में मिला नगर परिषद कर्मचारी का शव, पुलिस जांच में जुटी



बिजावर।

नगर परिषद बिजावर में कार्यरत कर्मचारी सचिन चौबे का शव रविवार को ककरेहटी तालाब से बरामद हुआ। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों के अनुसार, सचिन चौबे रविवार शाम से लापता थे। देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि तालाब के पास एक लावारिश बाइक खड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक की पहचान परिजनों द्वारा की गई। साथ ही स्थानीय लोगों ने भी बताया कि रविवार शाम को सचिन को तालाब के पास देखा गया था।

इसके बाद पुलिस ने चारों ओर तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। चूंकि तालाब पानी से भरा हुआ था, इसलिए छतरपुर से एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया। करीब दो घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद सचिन का शव तालाब से निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बाद में परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

